Fourteenth Loksabha

Session : 13
Date : 26-02-2008

Participants : Kripalani Shri Srichand

>

Title: Need to review the new Opium policy.

श्री श्रीचन्द कृपलानी (चित्तौड़गढ़) : अफीम किसानों का जीवन बसर करने का मुख्य स्त्रोत अफीम की खेती एवं इसका व्यवसाय है। पिछले तीन वार्षों में अफीम की औसत बढ़ा दी गयी है जबकि इसका समर्थन मूल्य नहीं बढ़ाया गया है और न ही काश्तकारों को नये पट्टे जारी किये गये हैं। नई अफीम नीति लागू होने एवं 55 प्रतिशत गाढ़ता की अनिवार्यता से पिछले तीन वार्षों में 20 हजार किसानों के पट्टे काटे गये हैं जिससे उनका जीवन-यापन करना काफी कठिन हो गया है और वे अपने आपको असहाय महसूस कर रहे है। गत वार्ष आयी भयंकर बाढ़ एवं ओलावृष्टि के कारण अफीम की फसल नष्ट हो गयी थी।

अत: आपके माध्यम से मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि अफीम किसानों को राहत देने के लिए गाढ़ता सिद्धांत को समाप्त किया जाये, अफीम औसत कम की जाये एवं किसानों को नये पट्टे तुरंत जारी किये जाये, जिससे अफीम किसानों के साथ न्याय हो एवं अफीम किसानों को ओलावृष्टि एवं भयंकर बाढ़ के कारण हुए नुकसान की भरपाई के लिए उचित मुआवजा दिया जाए।